प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,
आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 27.06.2024 प्रसारण समय : 19:20 बजे

मुख्य समाचार :–

1. राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने संसद के दोनों सदनों की संयुक्त बैठक को किया सम्बोधित : कहा – सरकार पेपर लीक की घटनाओं की जांच करने और दोषियों को दंडित करने के लिए है प्रतिबद्ध।
2. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज अतंर्राष्ट्रीय एमएसएमई दिवस पर एमएसएमई इकाईयों के लिये बीस हजार करोड़ रुपये के ऋण वितरण कार्यक्रम का किया शुभारम्भ।
3. मुख्यमंत्री ने आज नई एक्सप्रेस–वे परियोजनाओं, औद्योगिक कॉरिडोर और डिफेंस कॉरिडोर की प्रगति परखी : कहा– बेहतर कनेक्टिविटी के लिए एक्सप्रेस–वे को विस्तार देना आवश्यक।

और

4. गौतमबुद्धनगर में इंटरनेशनल फिल्म सिटी के निर्माण के लिए आज रियायत समझौते पर हुए दस्तखत : पहले चरण में 230 एकड़ जमीन पर होगा निर्माण।

———————

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने आज संसद के दोनों सदनों की संयुक्त बैठक को सम्बोधित करते हुए कहा कि सरकार पेपर लीक की निष्पक्ष जांच और दोषियों के लिए कड़ी

सजा सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि सरकार परीक्षा–संबंधित निकायों, उनके कामकाज और परीक्षा प्रक्रिया के सभी पहलुओं में बड़े सुधारों की दिशा में काम कर रही है। राष्ट्रपति ने कहा कि चाहे प्रतियोगी परीक्षाएं हों या सरकारी भर्ती की प्रक्रिया सभी में पूरी पारदर्शिता और ईमानदारी की आवश्यकता है।

*हाल ही में कुछ पेरशानी हुई पेपर लीक की घटनाओं की निष्पक्ष जांच और दोषियों को कड़ी से कड़ी सजा दिलवाने के लिए मेरी सरकार प्रतिबद्ध है। इससे पहले भी हमने देखा है कि कई राज्यों में पेपर लीक की घटनाएं होती रही हैं। इस पर दलीय राजनीति से ऊपर उठकर देशव्यापी ठोस उपाय करने की जरूरत है। संसद ने भी परीक्षा में होने वाली गडबडियों के विरूद्ध एक सख्त कानून बनाया है।*

राष्ट्रपति ने कहा कि नई सरकार आगामी संसद सत्र में अपना पहला आम बजट पेश करने जा रही है, यह उसकी दूरगामी नीतियों और भविष्यवादी दृष्टिकोण का एक प्रभावी दस्तावेज होगा और सुधारों को तेजी से आगे बढ़ाया जाएगा। अर्थव्यवस्था की मजबूती पर राष्ट्रपति मुर्मू ने कहा कि केंद्र विनिर्माण, सेवाओं और कृषि को समान महत्व दे रहा है।

——————————

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज लखनऊ में अतंर्राष्ट्रीय एमएसएमई दिवस पर एमएसएमई इकाईयों को बैंकों द्वारा बीस हजार करोड़ रुपये के ऋण वितरण कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने

विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को ऋण वितरित किया। साथ ही विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना, ओडी–ओपी के लाभार्थियों को टूल किट भी बांटी। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने कहा कि एमएसएमई सेक्टर उत्तर प्रदेश में तेजी से उभरता हुआ क्षेत्र है। बाइट..........

*एमएसएमई सेक्टर उत्तर प्रदेश में तेजी से उभरता हुआ क्षेत्र है।2017 के बाद से सरकार ने समय–समय पर जो कार्य प्रारम्भ किये अपनी परम्परा उत्पाद को यहां के स्पेशली कारोबाररियों के उसूलों को न केवल देश के अन्दर बल्कि दुनिया के अन्दर एक मंच प्रदान करने के लिये जो प्रयास प्रारम्भ हुआ आज वन डिस्टिक वन प्रोडक्ट के माध्यम से विश्वकर्मा सम्मान योजना के माध्यम से अनेक योजनाओं के माध्यम से इंअरनेशनल ट्रेड शो के माध्यम से उत्तर प्रदेश के उत्पाद को फेसिंग करने का अवसर इस दौरान हम सबको प्राप्त हुआ।*

———————————

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज एक बैठक में प्रदेश में निर्माणाधीन एवं नवीन एक्सप्रेस–वे परियोजनाओं और औद्योगिक कॉरिडोर और डिफेंस कॉरिडोर के विकास की प्रगति की समीक्षा की। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री के मार्ग दर्शन में बीते सात वर्ष में प्रदेश में रोड इंफ्रास्ट्रक्चर के क्षेत्र में अभूतपूर्व काम हुआ है। 2017 तक मात्र दो एक्सप्रेस–वे वाले इस प्रदेश में आज 6 एक्सप्रेस–वे हैं। राष्ट्रीय राजमार्ग बीते 7 वर्ष में लगभग दोगुने हो गए हैं। आज उत्तर प्रदेश को एक्सप्रेस–वे प्रदेश के रूप में नई पहचान मिल रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि बेहतर

कनेक्टिविटी के लिए एक्सप्रेस–वे कवरेज को और विस्तार देने की आवश्यकता है। जेवर में विश्वस्तरीय एयरपोर्ट बन रहा है, इसे एक्सप्रेस–वे से जोड़ा जाना चाहिए। इसके लिए गंगा एक्सप्रेस–वे से जेवर एयरपोर्ट तक लिंक एक्सप्रेस–वे का निर्माण कराना उचित होगा। इसी प्रकार आगरा–लखनऊ एक्सप्रेस–वे से पूर्वांचल एक्सप्रेस–वे तक लिंक एक्सप्रेस–वे तथा गंगा एक्सप्रेस–वे से आगरा–लखनऊ एक्सप्रेस–वे तक वाया फर्रूखाबाद एक नया लिंक एक्सप्रेस–वे बनाया जाना चाहिए। चित्रकूट लिंक एक्सप्रेस–वे के साथ–साथ यह तीन नए एक्सप्रेस–वे प्रदेश की तरक्की को गति देने वाले होंगे। इस संबंध में प्रारंभिक अध्ययन कर विस्तृत रिपोर्ट तैयार की जाए।

——————————

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज लखनऊ में यूपी–112 द्वितीय चरण के तहत उच्चीकृत पीआरवी का फ्लैग ऑफ किया। साथ ही पुलिसकर्मियों को वातानुकूलित हेलमेट वितरित किये। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने कहा कि यह कार्यक्रम स्मार्ट पुलिसिंग की सात वर्ष की प्रक्रिया को नई ऊंचाई पर पहुंचाने का अभियान है। उन्होंने कहा कि कानून का राज सुशासन की पहली शर्त है। इसके लिए सुरक्षा और संरक्षा का बेहतर वातावरण होना चाहिए। पिछले सात वर्ष के अंदर उत्तर प्रदश पुलिस ने देश के

अंदर न केवल अपनी नई पहचान बनाई है, बल्कि प्रदेश को भी नई पहचान दिलाने में बड़ी भूमिका निभाई है।

——————————

**ब्रेक**

यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं।

ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट जी0ओ0वी0 डॉट आई0एन0 पर लॉगिन कर सकते हैं। इसके साथ ही आप प्रादेशिक समाचारों का यह बुलेटिन हमारे यूट्यूब चैनल न्यूज ऑन एआईआर लखनऊ पर भी सुन सकते हैं।

——————————

उत्तर प्रदेश पुलिस के महानिदेशक प्रशांत कुमार ने कहा कि नए आपराधिक कानून ब्रिटिश काल से चले आ रहे कानूनों की जगह लेंगे, जिससे देश की न्याय प्रक्रिया और मजबूत बनेगी। नए कानून 1 जुलाई से लागू होंगे और उससे पहले प्रदेश में सारी तैयारी पूरी कर ली गयी हैं। श्री कुमार ने यह बातें आज गृह मंत्रालय, सूचना प्रसारण मंत्रालय और उत्तर प्रदेश पुलिस के संयुक्त तत्वावधान में पीआईबी द्वारा आयोजित वार्तालाप कार्यक्रम में कहीं। श्री कुमार ने कहा कि प्रदेश में नए कानूनों का सही तरीके से अनुपालन हो सके इसके लिए अधिकारियों का प्रशिक्षण 100 प्रतिशत पूरा कर लिया गया है। इस मौके पर डीजी

प्रशिक्षण तिलोत्मा वर्मा और एडीजी पीआईबी लखनऊ विजय कुमार मौजूद रहे। कार्यक्रम में एडीजी प्रशिक्षण सुनील कुमार ने कानूनों में किए गए बड़े परिवर्तनों के बारे में जानकारी दी। श्री कुमार ने बताया कि ने नये कानूनों मं एसिड हमलों में कम से कम दस वर्ष से आजीवन कारावास तक की सजा और जुर्माने का प्रावधान है। इसके अलावा भारतीय कानून प्रणाली में छोटे अपराधों में सामुदायिक सेवा के माध्यम से न्याय का कदम शामिल है।

——————

नीट पेपर लीक मामले की जांच के लिए केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो—सी.बी.आई. ने आज पटना से मनीष प्रकाश और आशुतोष को गिरफ़्तार किया। मनीष प्रकाश छात्रों को अपनी गाड़ी में लाने और ले जाने का काम करता था, जबकि आशुतोष के घर में छात्रों को ठहराया जाता था। दोनों को कार्ट में पेश कर दिया गया है। इसके अलावा सी.बी.आई. ने कल झारखंड के हज़ारीबाग स्थित ओएसिस स्कूल के प्राचार्य से पूछताछ की। इसके बाद आगे की पूछताछ के लिए सीबीआई उन्हें अपने साथ ले गई। प्राचार्य नीट परीक्षा के लिए हजारीबाग शहर के स्कूलों के समन्वयक थे। सी.बी.आई. टीम ने स्टेट बैंक ऑफ इंडिया—एस.बी.आई. हजारीबाग की शाखा के अधिकारियों से भी पूछताछ की, जहां प्रश्नपत्र रखे गए थे। बिहार की

आर्थिक अपराध इकाई ई.ओ.यू. ने पहले कहा था कि पटना के खेमनीचक प्ले स्कूल से आंशिक रूप से जला हुआ प्रश्न पत्र जब्त किया गया था।

——————————

गौतमबुद्धनगर में इंटरनेशनल फिल्म सिटी के निर्माण के लिए फिल्म निर्माता बोनी कपूर और बेव्यू भूटानी ने आज यमुना एक्सप्रेस–वे औद्योगिक विकास प्राधिकरण के साथ एक रियायत समझौते पर दस्तखत किए। यमुना एक्सप्रेस वे औद्योगिक विकास प्राधिकरण के सीईओ डा. अरुणवीर सिंह ने बताया कि यमुना एक्सप्रेसवे के सेक्टर–21 में 1000 एकड़ में फैली फिल्म सिटी का पहला चरण शुरू होने जा रहा है। इसमें प्रथम चरण में 230 एकड़ जमीन पर फ़िल्म सिटी का निर्माण किया जाएगा। इसके निर्माण की लगभग लागत 1,510 करोड़ रुपए आएगी। पेश है हमारे प्रतिनिधि की रिपोर्ट........

*बोनी कपूर और भूटानी ग्रुप मिलकर फिल्म सिटी के निर्माण का कार्य अगले छह माह में शुरू कर देगी। विश्व स्तरीय फिल्म सिटी बनाने के लिए निर्माता कंपनी दुनिया भर के फिल्म सिटी से तकनीकी सहयता भी ले रही है। यह फिल्म सिटी विश्व स्तरीय सुविधा से लैस होगा। अब युवा टैलेंट्स को मुम्बई में नहीं भटकना होगा, यहां पर फ़िल्म उद्योग से जुड़े रोजगार के साधन बढ़ेगे। विशाल धर दुबे आकाशवाणी समाचार गौतमबुद्ध नगर।*

——————————

प्रदेश के कई जनपदों में बारिश से लोगों को गर्मी से थोड़ी राहत मिल गई है। मौसम विभाग के मुताबिक अगले

दो दिनों में मानसून के प्रदेश में प्रभावी होने की संभावना है। बीते 24 घंटे में मुरादाबाद में सर्वाधिक 102 मिली मीटर बारिश दर्ज की गई। इसके अलावा बदायूं, मैनपुरी, हापुड़, मथुरा, अमरोहा, रामपुर समेत अन्य जनपदों में बारिश से मौसम सुहावना हो गया।

(समाप्त)